बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
बाँदा - २१०००१ (उ0प्र0)

मौसम आधारित कृषि सलाह

(Agro-Weather Advisory Bulletin No.: 87/2023) Year: 5th

जिला: बाँदा	जारी करने की तिथि: 02/08/2023

क्रम सं	विभाग	सलाह
1-	शाक-भाजी	➢ प्रचुर मात्रा में कंपोस्ट प्रयोग करके खेत की तैयारी कर लें, मेड़ी अथवा उठी हुई क्यारियां तैयार करके कद्दू , खीरा, लौकी, तरोई, चिचिंडा, करेला आदि, लोबिया, ग्वार, भिंडी तथा चौलाई की बुआई तथा बैगन, टमाटर, मिर्च आदि की रोपाई करें । कद्दू वर्गीय सब्जियों की बुआई मेड़ों को काली पॉलीथिन शीट से ढकने के बाद निर्धारित दूरी पर छेद में करें ताकि प्रभावी ढंग से मृदा नमी एवं पोषण प्रबंधन व खर- पतवार नियंत्रण हो सके। बाद में बेलियों को पांडाल बनाकर चढ़ा दें ताकि वर्षा के दुष्प्रभाव से फसल व फलों को बचाया जा सके। ➢ यदि टमाटर, बैगन, मिर्च, अगेती पत्ता गोभी आदि की पौधशाला तैयार न हो तो अविलंब बुआई कर दें । ➢ बेमौसमी मूली, पालक की भी उठी हुई क्यारियों अथवा मेडियों पर बुआई कर सकते हैं। ➢ अवृष्टि की स्थिति में अल्प मात्रा में ही सही किंतु एक निश्चित अंतराल पर सिंचाई अवश्य करें।
2-	शस्य-प्रबंधन एवं मृदा-प्रबंधन	**शस्य.प्रबंधन** कृषि उत्पादन में मौसम की मुख्य भूमिका होती है। कृषि उत्पादन की सफलता सामन्य मानसून एवं अनुकूल मौसम पर निर्भर करती है। बीजों के अंकुरण से लेकर पकने तक एक उपयुक्त मौसम की जरूरत पड़ती है जो कम से कम एक निश्चित अवधि तक होनी चाहिए। ➢ इस मौसम में बोवाई के लिये दो बरसात के बीच कम अन्तराल होने के कारण कम समय मिल पाता है। ➢ इस मौसम में बोई गयी फसलों को विशेष रखरखाव की जरूरत होती है। ➢ अधिक वर्षा की दशा में उपयुक्त जल निकास की व्यवस्था करनी चाहिए। ➢ अधिक वर्षा के कारण उगे हुये पौधे स्थिर नहीं हो पाते और कभी कभी वे नष्ट हो जाते है। ऐसी दशा में पुनः बोआई किया जाना आवश्यक होता है। ➢ बुवाई के प्रथम एक माह तक खरपतवार का उपयुक्त प्रबंधन करना चाहिए। ➢ सीजन के मध्य में वर्षा बंद हो जाने की दशा में कम अवधि की कम पानी चाहनेवाले फसलों का चयन करें ➢ श्रीअन्न फसलों की बुबाई का काम शीघ्र पूर्ण कर लें। ➢ जल निकास की समुचित व्यवस्था रखें। ➢ धान आदि फसलों में बोआई/ रोपाई के तुरन्त बाद यदि खरपतवार नाशी का प्रयोग नही किया जा सका हो तो बोआई /रोपाई के **25-30** बाद कुछ चयनित खरपतवारनाशी जैसे कि नोमनी गोल्ड **25** ग्राम सक्रिय तत्व का प्रति हेक्टर की दर से छिड्काव करें। ➢ पायराजो सल्फ्यूरॉन नामक दवाई का रोपाई के **2** से **3** सप्ताह के मध्य **25** ग्राम सक्रिय तत्व का प्रति हेक्टर की दर से छिड्काव करें। ➢ छिड़काव हमेशा फ्लैट फैन नोजल की सहायता से करें । ➢ खरपतवार नाशी का प्रयोग हमेशा पर्याप्त मृदा नमी की दशा में ही करें।.

		मृदा-प्रबंधन **अरहर** • 25–60–30 किग्रा0 नत्रजन, फास्फोरस व पोटाष प्रति हे0 की दर से उर्वरकों का प्रयोग करे। यदि मृदा में सल्फर की कमी है तो बुवाई के समय 20 किग्रा0 सल्फर प्रति हे0 की दर से प्रयोग करें। जिंक की कमी होने पर 20 किग्रा0/हे0 की दर से $ZnSO_4$-$7H_2O$ उर्वरक का प्रयोग करें। **उड़द** • फसलमें 20 किग्रा0 नत्रजन प्रति हेक्टर 60 किग्रा0 फास्फोरस प्रति हे0 व 40 किग्रा0 पोटाष प्रति हेक्टर उपयोग करें। **धान की सीधी बुवाई** • धान की सीधी बुवााई में उवर्रक 120:60:40 (एन.पी.के.) किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें। इसके लिये 25 किलोग्राम एम.ओ.पी. प्रति एकड बुवाई से पहले खेत में बिखेर कर जुताई करें। • बुआई के समय 50 किलोग्राम डी0ए0पी0 प्रति एकड की दर से प्रयोग करें। • 40 से 50 किग्रा/एकड़ की दर से यूरिया कल्ले फूटने के समय (बुवाई के 35–40 दिन बाद) डालें। • बुवाई के 55–60 दिन बाद 40–50 किग्रा0/एकड़ की दर से यूरिया डालें। **धान की रोपाई फसल में पोषक तत्वों का प्रबन्धन** ➢ 5 टन गोबर की खाद या 1–2 टन केंचुआं खाद रोपाई से 25–30 दिन पहले खेत में डालें। ➢ खेत में पोषक तत्वों को मृदा परीक्षण के हिसाब से डालना अच्छा होता है। ➢ साधारणतया 40–50 किग्रा0/एकड़ डी0ए0पी0, 20–30 किग्रा0/एकड़ एम0ओ0पी0 व 10 किग्रा0/एकड़ की दर से जिंक सल्फेट को पडलिंग करते समय खेत में डालें। ➢ 40 से 50 किग्रा/एकड़ की दर से यूरिया कल्ले फूटने के समय (रोपाई के 15–25 दिन बाद) डालें। रोपाई के 35–48 दिन बाद 40–50 किग्रा0/एकड़ की दर से यूरिया डालें।
3-	**पशुपालन प्रबंधन**	मुर्गीपालन से जुड़े किसानो को भी वर्षा ऋतू में अपनी मुर्गियों तथा उनके चूजों का खास ध्यान रखना चाहिए तथा निम्नलिखित बातों पर ध्यान देना चाहिए- ➢ वर्षा ऋतू में गंदे पानी को पीने से पेट के कीड़े तथा परजीवियों का प्रकोप अधिक रहता हे इसके उपचार व बचाव के लिए अन्तः परजीवी नाशक दवाई अवश्य वर्षा ऋतू में मुर्गियों को देनी चाहिए। ➢ अंडा देने वाली मुर्गियों के लिए इस ऋतू में हीटर व बल्ब आवश्यक हैं जिससे उनके अंडे देने की छमता पर विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता। ➢ मुर्गियों के रखने के स्थान पर नमी बढ़ने से कई संक्रामक बीमारियां बढ़ती हैं जिसकी रोकथाम हेतु नमी को दूर करने का प्रबंध मुर्गी शेड में करना चाहिए। ➢ मुर्गियां वर्षा ऋतू में अपनी शारीरिक पूर्ति हेतु ज्यादा भोजन की आवश्यकता प्रकट करती हैं इस हेतु मुर्गी पालकों को अधिक दानेदार भोजन मुर्गियों को

		उपलब्ध कराना चाहिए। ➢ मुर्गियों का टीकाकरण भी वर्षा ऋतू में फैलने वाली संक्रामक बीमारियों से बचाव हेतु आवश्यक है।
4–	**कीट–प्रबंधन**	➢ धान में पत्ती लपेटक के नियंत्रण हेतु खेत की निगरानी कर प्राकृतिक शत्रुओं (परभक्षी) का फसल वातावरण में संरक्षण करें। क्यूनालफास 25 प्रतिशत ई0सी0 1.25 ली0 प्रति0 हे0 की दर से छिड़काव करें। हरा फुदका के नियंत्रण हेतु कार्बोफ्यूरान 3 जी 20 किग्रा0 प्रति हे0 की दर से बुरकाव करें। भूरा फुदका के नियंत्रण हेतु यदि सम्भव हो तो खेत से पानी निकाल देना चाहिए व यूरिया की टाप ड्रेसिंग रोक देनी चाहिए। नीम तेल @ 5 मिली प्रति ली के घोल का छिड़काव करें अथवा बुप्रोफेजिन 25 प्रतिशत एस0सी0 1–2 मिली0 प्रति लीटर पानी में घोलकर आवश्यकतानुसार छिड़काव करें। ➢ मक्का/ज्वार/बाजरा में प्ररोह मक्खी के प्रभावी क्षेत्रों में मृत गोभ दिखाई देते ही प्रकोपित पौधों को उखाड़ कर नष्ट कर देना चाहिये। कीट के नियंत्रण हेतु क्यूनालफास 25 प्रतिशत ई0सी0 1.5 लीटर रसायन को प्रति हे0 की दर से 500–600 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिये। तना बेधक कीट के नियंत्रण हेतु फसल की साप्ताहिक निगरानी करना चाहिये। कीट के नियंत्रण हेतु 5–10 ट्राइको कार्ड प्रति हे0 की दर से प्रयोग करना चाहिये। रासायनिक नियंत्रण हेतु क्यूनालफास 25 प्रतिशत ई0सी0 1.50 लीटर मात्रा को प्रति हे0 की दर से 500–600 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिये। ➢ मक्का में फाल आर्मीवर्म के नियंत्रण हेतु इमामेक्टिन बेंजोएट कीटनाशी की 4 ग्राम मात्रा प्रति 10 लीटर की दर से प्रयोग करें अथवा क्लोरंतरनिलीप्रोल रसायन का 4 मिलीलीटर प्रति 10 लीटर की दर से प्रयोग करें। ➢ उर्द/मूँग में रोग के वाहक कीट सफेद मक्खी की रोकथाम के लिये पीला चिपचिपा ट्रैप का प्रयोग करें व इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एस0एल0 3 मिली0 को 10 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। ➢ बैगन की फसल में कलंगी एवं फल बेधक कीट के नियंत्रण हेतु 10 मीटर के अन्तराल पर प्रति हेक्टेयर में 100 फेरोमोन ट्रैप लगाकर वयस्क नर कीट पकड़ कर नष्ट कर देना चाहिए। सब्जियों में कीटों के नियंत्रण हेतु नीम गिरी 4 प्रतिशत (40 ग्रा0 नीम गिरी का चूर्ण 1 ली0 पानी में) का घोल बनाकर 10 दिन के अन्तराल पर छिड़काव करना चाहिए।
5–	**पादप रोग प्रबंधन**	➢ सब्जियों जैसे फूलगोभी, टमाटर, मिर्च, व बैगन की पौधशाला मे पौधगलन रोग की समस्या आने पर किसान भाई कॉपर ऑक्सीक्लोराईड (ब्लाईटाक्स 50) का 2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी अथवा साफ (कार्बेण्डाजिम 12 प्रतिशत+ मेन्कोजेब 63 प्रतिशत) का 2 ग्राम प्रति लीटर पानी का भली प्रकार से छिड़काव करें। ➢ इस समय रोपित की जाने वाली सब्जियों जैसे टमाटर, बैगन मिर्च आदि की पौध को रोपड़ से पूर्व जड़ गलन, झुलसा व अन्य मृदा जनित रोगों के नियंत्रण हेतु पौध की जड़ो को कार्बेन्डाजिम 01 ग्राम प्रति ली0 पानी के घोल अथवा जैव कवकनाशी ट्राइकोडरमा 05 ग्राम प्रति लीटर पानी के घोल मे 30 मिनट तक उपचारित करना चाहिए। ➢ तिल, मूंग, उर्द व अरहर की बुवाई के लिए रोग अवरोधी प्रजातियों का चयन करें एवं बीज किसी प्रामाणित स्रोत से ही क्रय करे ।

		➢ तिल, मूंग, उर्द व अरहर की फसल को जड़ गलन एवं झुलसा आदि मृदा व बीज जनित रोगों के बचाव हेतु बीजों को थीरम व कार्बेन्डाजिम से 02 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से अथवा जैव कवकनाशी ट्राइकोडरमा 05 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करके बोएं। मूंग, उर्द व अरहर की फसल की बुवाई से पूर्व बीजों को उपयुक्त राईजोबियम तथा फासफोरस को घुलनशील बनाने वाली जिवाणुओं (पीएसवी) से उपचारित करे इस उपचार से फसल के उत्पादन में वृध्दि होती है बीजोंपचार में सबसे पहले कवकनाशी से उपचारित करते है इसके पश्चात कीटनाशी से तथा अंत में राइजोबियम एवं पीएसवी से उपचारित करके बीजों को छाया में सुखा लेते है।
6.	**बागवानी. प्रबंधन**	**फलो में पौधरोपण :** अगस्त माह में प्रायः एक दो अच्छी बारिश होती है तथा वातावरण में नमी की मात्रा काफी होती है, यह समय किन्नू, माल्टा, अमरूद तथा पपीता जैसे फलवृक्ष लगाने का उत्तम समय है। परन्तु ध्यान रहे कि फलपौध उत्तम दर्जे का ही हों। पौधों को निर्धारित स्थान पर उतना ही गाड़े जितना वे नर्सरी में थे। पौधों की देख – रेख अच्छी प्रकार से करें। मूलवृन्त पर नये फुटान को हटा दें तथा पौधों को सीधा रखने के लिए बनछटी का प्रयोग करें। नियमित सिंचाई करें। **वायु अवरोधक :** वायु अवरोधकों को उत्तर – पष्चिम दिशा में इसी माह में लगायें। यदि इन्हें बाग के चारों और लगाया जायें तो और अच्छा होगा। अर्जुन,, आंवला, देशी जामुन, देषी देशी आम के पौधे इस क्षेत्र के लिए उत्तम वायु अवरोधक है। वायु अवरोधकों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए बडे पौधों के मध्य या दूसरी पंक्ति में छोटे आकार के पौधे जैसी देशी बेर, जटटी–खटटी, करौंदा, शहतूत आदि लगायें। वायु अवरोधक वृक्षों की आपस मे दूरी 4–5 मीटर रखें। इन वृक्षों की जड़ों को मुख्य बाग में जाने से रोकने के लिए 1 से 1.5 मीटर गहरी खाई इन वृक्षों के पास बाग की और खोद दें। **नर्सरी के कार्य** ➢ मूलवृन्त तैयार करने के लिए आम के गुठलियों का रोपण नर्सरी में करना चाहिए ➢ आम अमरूद मे विभेद कलम प्रवर्धन करना चाहिए ➢ आम में साईड ग्राटिंग का कार्य करना चाहिए ➢ मूलवृन्त तैयार करने हेतु रंगपुर लाइम , जट्टी – खट्टी के बीज की बुवाई नर्सरी में करें । बिजाई से पूर्व बीजे को 52 सेटीग्रेड तापमान वाले पानी से दस मिनट तक उपचारित करें, ताकि फॉइटोफथोरा बीमारी से बच जा सकें। **आम** सिल्ली कीट की रोकथाम के लिए 5–10 अगस्त के बीच एजाडीरेक्टिन 3000 पीपीएम ताकत का 2 मिली लिटर को पानी में घोलकर 10–15 दिनों के अंतराल पर 3 छिड़काव करें । कीट प्रभावित टहनियों के नुकीली गाँठो की छंटाई करें । **पपीता** कॉलर रॉट के प्रकोप से पौधे जमीन के सतह से ठीक ऊपर गल कर गिर जाते है । इसके नियंत्रण के लिए पौधशाला से पौधों को रिडोमिल (2 ग्रा./ली.) दवा का

		छिड़काव करें, खेत में जलभराव न होने दें और जरूरत पड़ने पर खड़ी फल में भी रिडोमिल (2 ग्रा./ली.) के घोल से जल सिंचन करें । **केला** पनामा विल्ट के रोकथाम के लिए बैविस्टीन के 1.5 मिली. ग्राम प्रति लीटर पानी के घोल से पौधों के चारों तरफ की मिट्टी को 20 दिन के अंतराल से दो बार छिड़काव कर देना चाहिए । **अमरुद** जस्ता तत्व की कमी होने से पत्तियों का पिला पड़ना, छोटा होना तथा पौधों की बढ़वार कम हो जाने के लक्षण मिलते है । इसके नियंत्रण के लिए 2 प्रतिशत जिंक सल्फेट का छिड़काव अथवा 300 ग्रा. जिंक सल्फेट का पौधों की जड़ों में देना लाभप्रद पाया गया है । **कटहल** तना बेधक कीट के नियंत्रण हेतु छिद्र को किसी पतले तार से साफ करके नुवाक्रान का घोल (10 मिली.ली.) अथवा पेट्रोल या केरोसिन तेल के चार–पाँच बूंद रुई में डालकर गीली चिकनी मिट्टी से बंद कर दें । इस प्रकार वाष्पीकृत गंध के प्रभाव से तना बेधक कीट मर जाते हैं एवं तने में बने छिद्र धीरे–धीरे भर जाते हैं।
7.	**वानिकी प्रबंधन**	➢ पॉलीथीन थैलियों जिनमें बीज अंकुरित नहीं हुए हैं को स्वस्थ व विकसित पौध से प्रतिस्थापित/प्रत्यारोपित करें। ➢ पौधशाला को खरपतवार से मुक्त रखने तथ जल निकासी नालियों/चैनलों को साफ रखें। पौधशाला में आद्रपतन या कमरतोड रोग की रोकथाम हेतु कार्बेन्डाजिम (10ग्राम) +मेन्कोजेब (25 ग्राम) प्रति लीटर पानी के घोल से रोक के लक्षण दिखते ही छिड़काव कर देना चाहिए ।

वैज्ञानिक सलाहकार मंडल–

1. डॉ जी. एस. पंवार	7. डॉ मयंक दुबे
2. डॉ दिनेश साह	8. डॉ अमित मिश्रा
3. डॉ ए.सी. मिश्रा	9. डॉ दिनेश गुप्ता
4. डॉ ए.के. श्रीवास्तव	10. डॉ पंकज कुमार ओझा
5. डॉ राकेश पाण्डेय	11. डॉ सुभाष चंद्र सिंह
6. डॉ विवेक सिंह	